
**आज का दिन** 1919 में पहली बार नियमित यात्री विमान सेवा लंदन और पेरिस के बीच शुरू की गई।




## झलक

### सेंसेक्स





+70.00 ↑ अंक अगस्त

### निफ्टी





+18.00 ↑ अंक अगस्त

### डॉलर




-00.07 ↓ रुपये/डॉलर अगस्त

### सोना




+50.00 ↑ रुपये अगस्त

### टॉप गेनर
**मारुति सुजुकी**

पिछला बंद ........ 4833.25
कल का बंद भाव .... 4949.10

### टॉप लूजर
**ल्यूपिन**

पिछला बंद ........ 1521.10
कल का बंद भाव .... 1554.65

शेयरों के ताजा भाव के लिए देखें www.livehindustan.com

---

### बीईई के नए मानक से 40 डिग्री से ज्यादा तापमान होने पर भी बिजली खपत कम होगी

# एसी चलाना और सस्ता होगा

## नई प्रणाली

**नई दिल्ली | विशेष संवाददाता**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने बुधवार को देश में एयरकंडिशनर (एसी) के लिए नई स्टार रेटिंग प्रणाली इंडियन सीजनल एनर्जी एफिशियंसी रेशियो (आईएसईईआर) पेश की है। इस मानक वाला नया 5 स्टार एसी 40 डिग्री से ऊपर तापमान जाने के बावजूद कम बिजली खपत करेगा।

5 स्टार एसी सिंगल स्टार एसी की तुलना में करीब 22 फीसदी ज्यादा बिजली की बचत करता है। बीईई के मुताबिक इस नई पद्धति को जनवरी 2018 से पालन करना अनिवार्य होगा। बीईई ने बयान में कहा कि उच्च तापमान को ध्यान में रखते हुए एसी के प्रदर्शन के मद्देनजर यह प्रणाली शुरू की गई है और आईएसईईआर देश में भिन्न जलवायु क्षेत्रों के मुद्दों को हल करेगी। आईएसईईआर किसी भी एसी के प्रदर्शन का आकलन भारत के मौसम के आंकड़ों के हिसाब से 24 से 43 डिग्री सेल्सियस के तापमान में करेगा।

**1.9** फीसदी बिजली खपत बढ़ जाती है प्रति डिग्री तापमान वृद्धि पर

**22** फीसदी तक कम बिजली खपत करते हैं 5 स्टार एसी सिंगल स्टार के मुकाबले

**24** से 43 डिग्री तापमान के बीच बेहतर काम करेगा नए मानक वाला एसी

**35** डिग्री तापमान पर बना था पुराना मानक स्टार रेटिंग के लिए

### पुराने एसी की घटेगी रेटिंग


| वर्ष | 2010 | 2015 | 2018 |
|---|---|---|---|
| स्टार रेटिंग | 5 | 3 | 1 |

(वर्ष 2010 में खरीदा गया 5 स्टार एसी नए मानक पर)

"नई पद्धति से उपकरणों की ऊर्जा संरक्षण के उच्च मानक को स्थापित करने में मदद मिलेगी। इसके तहत रेटिंग तापमान के हिसाब से विकसित की गई है।
–**संजय सेठ**, सचिव, बीईई

### बिना स्टार रेटिंग के एसी की बिक्री नहीं

बीईई ने वर्ष 2010 से एसी की बिक्री के लिए स्टार रेटिंग अनिवार्य कर दिया। जनवरी 2016 के दिशा-निर्देश के अनुसार 2 स्टार एसी को सबसे निचला स्तर माना गया है। इससे कम स्टार का एसी नहीं बिक सकता। 5 स्टार एसी की तुलना के लिए 2 स्टार सबसे निचला मानक होगा।



### तापमान बढ़ने से भी बिजली खपत ज्यादा

पिछले महीने विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र (सीएसई) ने एक अध्ययन में खुलासा किया था कि मौजूदा 5 स्टार एसी तापमान के 40 डिग्री से ऊपर जाने पर 2 स्टार या 1 स्टार एसी से भी ज्यादा बिजली खपत करते हैं। इसमें यह भी कहा गया था कि तापमान 45 डिग्री से ऊपर जाने पर बिजली खपत के मामले में 5 स्टार एसी की स्थिति 1 स्टार एसी से भी बदतर हो जाती है। सीएसई ने इसके मद्देनजर स्टार मानक को बेहतर बनाने का सुझाव दिया था। मौजूदा समय में कई कंपनियां इन्वर्टर एसी के लिए आईएसईईआर पद्धती का पहले से ही इस्तेमाल कर रही है। उल्लेखनीय है कि बीईई ने वर्ष 2008 से एसी की ऊर्जा दक्षता को लेकर मानक कड़े करने शुरू कर दिए और ऊर्जा मानको में कई बार बदलाव किया है। इसकी वजह से एसी की ऊर्जा खपत में कमी आई है। हालांकि, नए मानक से पुराने स्टार रेटिंग वाले एसी की स्टार रेटिंग घट जाती है।

---

# ₹1,099 में 3जी अनलिमिटेड

**नई दिल्ली।** बाजार की प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए बीएसएनएल ने 1,099 रुपये में एक राष्ट्रीय 3जी अनलिमिटेड मोबाइल डाटा प्लान की घोषणा की है। इसके अलावा उसने अपने कुछ मौजूदा प्लानों पर डाटा उपयोग की सीमा को दोगुना कर दिया है।

इसी तरह, पहले 549 रुपये में पांच जीबी डाटा मिलता था जबकि अब इसी कीमत में 10 जीबी डाटा एक महीने के लिए मिलेगा। इस प्रकार उपभोक्ताओं को डाटा दोगुणा मिलेगा। **(वि. सं.)**

# रिलायंस जियो से माइक्रोमैक्स जुड़ी

**नई दिल्ली।** माइक्रोमैक्स और पैनासोनिक ने स्मार्टफोन खरीदारों को 90 दिन तक वॉयस और डेटा सेवाएं मुफ्त देने के लिए रिलायंस जियो से करार किया है। रिलायंस जियो व्यावसायिक सेवाओं को आगामी महीनों में शुरू कर सकती है।

जियो प्रीव्यू पेशकश की शर्तों के तहत माइक्रोमैक्स का 4जी स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहकों को रिलायंस जियो का सिम मिलेगा। **(एजेंसी)**

---

## इसे भी जानें | गिल्ट फंड

गिल्ट फंड म्यूचुअल फंड का ही हिस्सा है। यह एक फिक्स्ड इनकम (तय आय) वाला निवेश माध्यम है। इस फंड में निवेश सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले बॉन्ड या रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित इसी तरह के अन्य माध्यमों में किया जाता है। इस फंड में निवेश पर तय रिटर्न मिलता है। गिल्ट फंड से हुई आमदनी पर कर नहीं लगता है। साथ ही निवेशक अपनी सुविधा के मुताबिक कभी भी नकदी में बदल सकते हैं। सरकार की गारंटी होने की वजह से गिल्ट फंड में निवेश पर जोखिम नहीं होता है। ब्याज दरें जब कम होती हैं तो गिल्ट फंड का रिटर्न ज्यादा आकर्षक हो जाता है।

## बिजनेस आप तक

### आरकॉम ने क्लाउड डब्ल्यूएएन लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और उसकी सहायक कंपनी ग्लोबल क्लाउड एक्सचेंज ने अपने क्लाउड एक्स पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए कंपनियों के लिए सॉफ्टवेयर डिफाइंड वाइड एरिया नेटवर्क (डब्ल्यूएएन) पेश करने की बुधवार को घोषणा की। आरकॉम (एंटरप्राइज) और ग्लोबल क्लाउड एक्सचेंज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बिल बर्नी ने यह घोषणा करते हुए कहा कि क्लाउड एक्स डब्ल्यूएएन भारत निर्मित पहला क्लाउड-केन्द्रित नेटवर्क प्लेटफॉर्म है, जो उन बहुत सी चुनौतियों से उबरने में मददगार है जिनसे आज वैश्विक स्तर पर कंपनियों के नेटवर्क जुझ रहे हैं।

### मोबीक्विक पर बस बुकिंग और आसान हुई

**नई दिल्ली।** मोबाइल वॉलेट मोबीक्विक ने बस टिकट की बुकिंग के लिए आंशिक भुगतान और कैश पिक-अप सेवा की शुरुआत की है। इससे यात्रियों के लिए बस का टिकट बुक करना पहले से और आसान हो गया है। मोबीक्विक वेबसाइट और एप से टिकट बुकिंग सेवा देती है।

### चार सेज निरस्त करने को हरी झंडी मिली

**नई दिल्ली।** सरकार ने ब्रॉडवे इंटग्रेटिड पार्क और वेरिटॉस इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सहित चार विशेष आर्थिक क्षेत्रों (सेज) से जुड़ी परियोजनाओं को निरस्त करने को हरी झंडी दे दी। इस बारे में फैसला 12 अगस्त को हुई मंजूरी बोर्ड की बैठक में लिया गया।

### किसान संगठन ने सरकार से मंजूरी मांगी

**नई दिल्ली।** किसानों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर्स एसोसिएशन (एफएआईएफए) ने सरकार से कहा कि तंबाकू पर नियंत्रण संबंधी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सम्मेलन में हिस्सा लेने की उसे अनुमति दी जाए।

### ल्यूपिन को संक्रमण की दवा के लिए अनुमति

**मुंबई।** दवा कंपनी ल्यूपिन को जीवाणु के संक्रमण की दवा लीनेजॉलिड के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि यूएसएफडीए ने यह मंजूरी उसकी अमेरिकी इकाई गाविस फार्मास्यूटिकल्स को दी है।

### सस्ते टैबलेट की बिक्री बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में स्मार्टफोन की ज्यादा बिक्री के बावजूद टैबलेट की बिक्री भी बढ़ रही है। कम दाम के टैबलेट की मांग बढ़ रही है। सस्ते टैबलेट बनाने वाली कंपनी डाटाविंड ने टैबलेट कारोबार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में टैबलेट की बिक्री पांच फीसदी बढ़ी है। डाटाविंड के प्रमुख सुनीत पाल सिंह तुली के अनुसार बाजार में हिस्सेदारी बढ़ने की प्रमुख वजह डाटाविंड के टैबलेट के दाम कम होना, एक साल का मुफ्त इंटरनेट पैकेज तथा किफायती ब्राउजिंग तकनीक है। **(वि. सं.)**


---

# सेंसेक्स में बढ़त, फिर 28,000 के पार

**मुंबई | एजेंसियां**

एक और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स बुधवार को करीब 70 अंक चढ़कर बंद हुआ। फार्मा, आईटी और सार्वजनिक उपक्रमों के शेयरों में हल्की खरीदारी से सेंसेक्स 28,000 अंक के स्तर को पार कर गया।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 69.73 अंक या 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 28,059.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 27,959.87 अंक से 28,108.39 अंक के दायरे में रहा। मंगलवार के कारोबार में सेंसेक्स 4.67 अंक चढ़ा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 17.70 अंक के लाभ से 8,650.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 8,620.90 से 8,661.05 अंक के दायरे में रहा। दवा कंपनी अरविंदो फार्मा का शेयर 6.96 प्रतिशत चढ़कर 787.55 रपये पर पहुंच गया।



**भरोसा**

**70** अंक चढ़कर सेंसेक्स 28,060 पर बंद हुआ

**18** अंक लाभ के साथ निफ्टी भी 8,650 पर बंद

# ई-कॉमर्स : शिकायत निपटान प्रणाली जल्द

**नई दिल्ली।** वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि ऑनलाइन खुदरा (इकामर्स) कंपनियों के खिलाफ आने वाली शिकायतों के निपटान के लिए एक शिकायत निपटान प्रणाली स्थापित की जा रही है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा कि इस मुद्दे पर बैठक की गई। ट्विटर सेवा की तर्ज पर मंत्रालय हैशटैग एमओसीआईसेवा (#mociseva) शुरू करेगा। इसमें उपभोक्ता मामलों के लोग बोर्ड में होंगे। उन्होंने कहा कि लोग अपने मुद्दे, शिकायतें यहां उठा सकते हैं और उनका मंत्रालय, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के साथ उनपर ध्यान देगा। बैठक में प्रवर्तन निदेशालय, नीति आयोग, उपभोक्ता मामलात तथा औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। मंत्री ने कहा कि डीआईपीपी सचिव रमेश अभिषेक ने इस मामले को लेकर इकॉमर्स कंपनियों के साथ चर्चा की है। **(एजेंसी)**

# महिलाओं के लिए नई बीमा पॉलिसी आएंगी

hindustantimes **विशेष**

**नई दिल्ली | हिटी**

## साक्षी-सिंधु का असर

- ओलंपिक में महिलाओं की कामयाबी से प्रभावित हुईं कंपनियां
- महिलाओं और लड़कियों के लिए बीमा की मांग बढ़ने की उम्मीद

रियो ओलंपिक में भारतीय महिला खिलाड़ियों की कामयाबी से प्रेरित होकर इंश्योरेंस कंपनियां महिलाओं के लिए नए उत्पाद लॉन्च करना चाहती हैं।

इंश्योरेंस कंपनियों को यह भी उम्मीद है कि महिलाओं और लड़कियों के बीमे की मांग भी बढ़ेगी। खासकर छोटे शहरों और कस्बों में उम्मीद ज्यादा है क्योंकि वहां अभी महिलाओं का बीमा काफी कम है।

कई कंपनियों के पास पहले से ही महिलाओं के लिए विशेष बीमा उत्पाद हैं, लेकिन अब वे इस क्षेत्र में कदम आगे बढ़ाते हुए नए उत्पाद लाना चाहती हैं। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन के मुताबिक महिलाओं का इंश्यारेंस कम होना चिंता का विषय है। परिवार कमाने वाले सदस्य का ही बीमा कराते हैं, जो ज्यादातर पुरुष होते हैं।

गर्ल चाइल्ड वाले परिवार और अकेली कामकाजी महिला वाले परिवार के इंश्यारेंस में कंपनी पांच फीसदी की छूट दे रही है। कंपनी के एक अन्य अधिकारी के मुताबिक महिलाओं संबंधी इंश्योरेंस उत्पादों की पूछताछ में थोड़ा सा इजाफा हुआ है।

---

सत्यमेव जयते




# नेत्रदान द्वारा किसी के जीवन में नया प्रकाश लाएं

31वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा
(25 अगस्त – 8 सितम्बर 2016)

## क्या आप जानते हैं?

- 11 लाख कॉर्निया के कारण नेत्रहीन लोगों को कॉर्निया प्रत्यारोपण का इंतजार है ताकि वे अपनी दृष्टि वापस पा सकें।
- वार्षिक रूप से 1 लाख प्रत्यारोपण योग्य कॉर्निया की जरूरत पड़ती है।
- हर वर्ष लगभग 20,000 और नए मामले जुड़ जाते हैंए इसमें ज्यादातर युवा हैं।
- आपके द्वारा नेत्रदान से कॉर्निया के कारण दो नेत्रहीन लोगों को दृष्टि मिल सकती है।
- पहले नेत्रों को दान करने की शपथ ली जाती है और दान केवल मृत्यु उपरान्त किया जाता है।
- पुनर्प्राप्ति के लिए मृत्यु के 6-8 घंटों तक नेत्र ठीक रहते हैं।
- मानव अंगों और उत्तकों के प्रत्यारोपण अधिनियम (टी.एच.ओ.टी.ए.) के अधीन, नेत्रों (कॉर्निया) को मृतक व्यक्तियों से प्राप्त किया जा सकता है।
- सभी धर्म नेत्रदान की प्रथा का समर्थन करते हैं।

घर/पास-पड़ौस में मृत्यु होने पर तुरन्त कॉल करें: टॉल फ्री नं. 1919 (एमटीएनएल/बीएसएनएल से) एवं नोटो हेल्पलाइन नं. 1800-11-4770

**नेत्रदान एक नेक कार्य है, इसमें तुरन्त हिस्सा लें!**

इस मुहिम में भाग लेने के लिए अपने पूरे परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ आगे आएं और नेत्रदान के बारे में सूचना का प्रचार करें और इस नेक काम में मदद के लिए अन्यों को प्रेरित करें।

**नेत्रदान को अपने परिवार की परम्परा बनाएं।**

davp 17138/13/0002/1617

NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम, स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशालय,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110108

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

NATIONAL PROGRAMME FOR CONTROL OF BLINDNESS

www.mohfw.nic.in/npcb.nic.in